आकाशवाणी

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 24.02.2025

समय 07.20

पहले मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौनसार–बावर में विकास योजनाओं का निरीक्षण किया। कहा– हनोल मास्टर प्लान को आवश्कता अनुसार बढ़ाया जाएगा।

- उत्तराखंड सरकार की डिजिटल स्वास्थ्य पहल को मिला राष्ट्रीय सम्मान, स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा– टेलीमेडिसिन के जरिये, दूरस्थ क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं।

- अल्मोड़ा के रानीखेत कैंट क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने और यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए प्रशासन ने अभियान चलाया।

- आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया।

हनोल मास्टर प्लान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून के त्यूनी जौनसार–बावर क्षेत्र में आयोजित 'मुख्य सेवक संवाद–आपके द्वार' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास योजनाओं का निरीक्षण किया और महिलाओं को किट वितरित की। मुख्यमंत्री ने महासू महाराज के मंदिर में दर्शन कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की और कहा कि उनका यह सौभाग्य है कि उन्हें इस पवित्र भूमि पर आने का अवसर मिला। श्री धामी ने जौनसार–बावर क्षेत्र में पर्यटन और विकास की दिशा में किए जा रहे महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महासू महाराज मंदिर परिसर के पुनर्निर्माण के लिए 120 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जिससे क्षेत्र में तीर्थाटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हनोल के मास्टर प्लान को आवश्यकता अनुसार बढ़ावा दिया जाएगा।

श्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं के तहत महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए 'हाउस ऑफ हिमालयाज' ब्रांड की शुरुआत की है, जिसके तहत महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की महिलाएं आशा की एक बड़ी किरण हैं और प्रदेश की समृद्धि में उनका अहम योगदान रहेगा।

स्वास्थ्य सेवा पहल–सम्मान

उत्तराखंड सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल रूप से सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इन्हीं प्रयासों के चलते राज्य के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार को हाल ही में हैदराबाद में आयोजित ''टेक्नोलॉजी सभा'' में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बेहतरीन पहल के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर, डॉ. कुमार ने कहा कि यह पुरस्कार पूरी स्वास्थ्य टीम की मेहनत का परिणाम है और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहे सुधार की दिशा को दर्शाता है। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के जरिए, राज्य सरकार ने दूर–दराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। टेलीमेडिसिन के माध्यम से, राज्य के संवेदनशील और कठिन इलाकों में रहने वाले लोगों को भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

कार्यक्रम में डॉ. राजेश कुमार ने उत्तराखंड सरकार के दृष्टिकोण को साझा करते हुए कहा कि डिजिटल सेवाओं का विस्तार न केवल स्वास्थ्य, बल्कि सरकारी और सामाजिक कार्यों में भी सकारात्मक बदलाव ला रहा है। उन्होंने विशेष रूप से आर्टिफिशीयल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल का उल्लेख किया, जो स्वास्थ्य सेवा की गुणवत्ता और पहुंच को और बेहतर बना रहा है।

वित्तीय अनियमितताएं– जांच

उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम की देहरादून इकाई के पांच पूर्व अधिकारियों के खिलाफ 130 करोड़ रुपये की कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले दर्ज किए गए हैं। यह सभी मामले 2018–19 के बीच के हैं और अब तक सेवानिवृत्त हो चुके अधिकारियों से जुड़े हैं।

एक समाचार एजेंसी के अनुसार, इन मामलों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों के अधिकारियों के नाम शामिल हैं, जिनमें परियोजना प्रबंधक, सहायक लेखाधिकारी, लेखाधिकारी और स्थानिक अभियंता शामिल हैं।

आरोपितों पर भारतीय दंड संहिता के तहत धोखाधड़ी और आपसी विश्वासघात के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि कई परियोजनाओं के लिए जारी धनराशि का गबन किया गया। इसमें कौशल विकास योजना, आपदा राहत केंद्रों और उत्तराखंड पर्यटन विभाग के निर्माण कार्यों के लिए मिली धनराशि शामिल है। राज्य सरकार अब इन वित्तीय अनियमितताओं की गहन जांच कर रही है।

निरीक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज उत्तरकाशी जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित हर्षिल–मुखवा दौरे की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे। यह दौरा शीतकालीन यात्रा के रूप में महत्वपूर्ण माना जा रहा है, और मुख्यमंत्री धामी कार्यक्रम के प्रत्येक पहलू की समीक्षा करेंगे। इस दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी भी उनके साथ होंगी।

जाम से निजात

पर्यटन सीजन के दृष्टिगत अल्मोड़ा के रानीखेत कैंट क्षेत्र में बढ़ती अतिक्रमण और जाम की समस्या को हल करने के लिए एक महत्वपूर्ण संयुक्त अभियान चलाया गया। इस अभियान में कैंट प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग ने मिलकर बाजार क्षेत्र में बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की और दुकानदारों को सफेद पट्टी से बाहर सामान रखने से रोकते हुए सख्त चेतावनी दी। परिवहन विभाग ने नो पार्किंग जोन और सफेद पट्टी से बाहर खड़े वाहनों के नंबर नोट कर चालान प्रक्रिया शुरू की। वहीं, कैंट प्रशासन ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानें चिन्हित स्थानों पर ही लगाएं और सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें। अगर इस आदेश का उल्लंघन किया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

संयुक्त मजिस्ट्रेट राहुल आनंद ने बताया कि सदर बाजार में काफी समय से जाम की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिसके समाधान के लिए यह संयुक्त अभियान शुरू किया है।

स्टार्टअप ग्रांट

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नई टिहरी की छात्रा जैनब सिद्दीकी को आईआईएम काशीपुर के ''उत्तिष्ठ 2025'' कार्यक्रम के तहत 5 लाख रुपये का स्टार्टअप ग्रांट प्राप्त हुआ है। जैनब का स्टार्टअप, ''इको नेक्सस इनोवेशन'', चीड़ की पत्तियों को नॉन–रेसिलिएंट फाइबर बोर्ड में बदलकर पर्यावरण को टिकाऊ सामग्री से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। यह स्टार्टअप फर्नीचर, कैबिनेटरी और शेल्विंग जैसी चीजों में उपयोगी हो सकता है। जैनब की इस पहल को लेकर उत्तराखंड के उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उन्हें बधाई दी और इसे राज्य में छात्राओं के बढ़ते उद्यमिता प्रयासों का प्रतीक बताया।

## क्रिकेट

आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी में कल रात दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए एक अहम ग्रुप ए मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। पाकिस्तान द्वारा 242 रनों का लक्ष्य दिए जाने के बाद भारत ने 42 दशमलव 3 ओवर में चार विकेट के नुकसान स्कोर हासिल कर जीत दर्ज की। भारत की ओर से विराट कोहली ने नाबाद 122 रन, जबकि श्रेयस अय्यर ने 56 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली।

इस मैच में विराट कोहली ने क्रिकेट इतिहास में एक और उपलब्धि अपने नाम की, कोहली, मोहम्मद अजहरुद्दीन के 156 कैच के रिकॉर्ड को पार करते हुए 158 कैच लेकर भारत के लिए सर्वाधिक कैच लेने वाले खिलाड़ी बन गए।

## राज्य सूचना आयोग

राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्त पद पर चयन को लेकर मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में लोकायुक्त समिति की बैठक हुई। इसमें लोकायुक्त के लिए चयन समिति बनाने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि राज्य सूचना आयुक्त विपिन चंद घिल्डियाल का कार्यकाल तीन मार्च को समाप्त हो रहा है। वह प्रभारी मुख्य सूचना आयुक्त भी हैं। उनका कार्यकाल समाप्त होने के बाद आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के दो पद खाली हो जाएंगे।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सभी अखबारों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण लिखता है— पीएम बोले मजबूत खेल शक्ति के रूप में उभर रहा उत्तराखंड। इसी पर हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है— मोदी ने राष्ट्रीय खेलों पर उत्तराखंड को सराह, कहा— उत्तराखंड स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। वहीं, अमर उजाला लिखता है— वैश्विक खेल शक्ति बढ़ाने की ओर बढ़ रहा भारत खेलो इंडिया ने दी खिलाड़ियों को पहचान।

जल प्रदूषित किया तो रोज 10 हजार का जुर्माना इस शीर्षक के साथ अमर उजाला ने लिखा है— विधानसभा सत्र में केंद्र सरकार का वाटर एक्ट 2024 संशोधित अधिनियम पारित हुआ।

पांच पूर्व अफसरों पर एक सौ तीस करोड़ रुपए के गबन में मुकदाम। इस ख़बर को पहले पृष्ठ पर स्थान देते हुये हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– उत्तराखंड में कराए कार्यों में यूपी निर्माण निगम के अफसरों ने की गड़बड़, वर्ष 2018 से पहले के हैं सभी मामले, जांच के बाद अब शुरू की गई कार्रवाई।

आई.सी.सी चैंपियनस ट्रॉफी में भारत की पाकिस्तान पर जीत की ख़बर सभी समाचार पत्र की सुर्ख़ियों में है। अमर उजाला लिखता है– पाकिस्तान से 8 साल पुराना हिसाब बराबर। इसी खबर पर हिदुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है– भारत शान से सेमीफाइनल में, मेजबान पाक टूर्नामेंट से लगभग बाहर।